# मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा अधिनियम
# १९६५

[क्रमांक २३ सन् १९६५]

*

NIEPA DC
D07383

(३१ जुलाई १९७९ तक संशोधित) मूल्य ५/-

## मूल अधिनियम जिन-जिन अध्यादेशों या संशोधन अधिनियम द्वारा संशोधित किया गया

### अध्यादेश

१. प्रथम संशोधन अध्यादेश क्रमांक ६ सन १६६५ दिनांक १३ अक्टूबर १६६५

२. द्वितीय संशोधन अध्यादेश क्रमांक १० सन १६६५ दिनांक २४ अक्टूबर १६६५

### अधिनियम

१. मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १६६६ (क्रमांक–३ सन १६६६)

२. मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १६६७ (क्रमांक–७ सन १६६७)

३. मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा(संशोधन) अधिनियम १६६८ (क्रमांक–१८ सन १६६८)

४. मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा(संशोधन) अधिनियम १६७६(क्रमांक–११ सन १६७६)

D-7383
Date 24-2-93

मध्यप्रदेश अधिनियम

क्रमांक २३ सन् १९६५

# मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा अधिनियम, १९६५

विषय सूची

## पहला अध्याय—प्रारम्भिक


| खण्ड | | पृष्ठ क्र० |
|---|---|---|
| १. | संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ। | १ |
| २. | परिभाषाएं। | २ |


## दूसरा अध्याय

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की स्थापना, उसका गठन उसके कृत्य आदि।


| | | |
|---|---|---|
| ३. | मण्डल का निगमन। | ४ |
| ४. | मण्डल का गठन। | ५ |
| ५. | सभापति की नियुक्ति तथा उसकी पदावधि एवं सेवा शर्तें। | ७ |
| ६. | पदावधि और आकस्मिक रिक्त स्थानों की पूर्ति, आदि। | ७ |
| ७. | गणपूर्ति। | ९ |
| ८. | मण्डल की शक्तियां। | ९ |
| ८क. | मण्डल का सदस्य होने के लिये निरर्हता - | १३ |
| ९. | राज्य शासन की शक्तियां। | १४ |
| १०. | मण्डल निधि का गठन। | १५ |
| ११. | मण्डल निधि की अभिरक्षा और उसका विनिधान। | १५ |
| १२. | मण्डल निधि का उपयोग। .. | १६ |
| १३. | बजट। .. .. | १६ |
| १४. | मण्डल के लेखाओं की लेखा–परीक्षण। .. | १७ |
| १५. | सभापति की शक्तियां तथा कर्त्तव्य। .. | १७ |
| १६. | उपसभापति की नियुक्ति, उसकी शक्तियां और उसके कर्त्तव्य। | १८ |
| १७. | मण्डल के पदाधिकारी तथा सेवक। .. | १९ |
| १८. | सचिव की शक्तियां और उसके कर्त्तव्य। .. | २० |
| १९. | कार्यपालिका समिति। .. .. | २० |


## तीसरा अध्याय—सम्भागीय मण्डल


| | | |
|---|---|---|
| २०. | सम्भागीय मण्डल। .. .. | २१ |
| २१. | सम्भागीय सभापति तथा सचिव की पदावधि एवं सेवा-शर्तें | २३ |
| २२. | सम्भागीय मण्डल की शक्तियां तथा कृत्य। .. | २३ |
| २३. | मण्डल का सम्भागीय मण्डल पर नियन्त्रण होगा तथा वह निधि एवं कर्मचारी वृन्द की व्यवस्था करेगा। .. | २४ |

२३क. परीक्षकों आदि की मण्डल के किसी परिश्रमिक वाले कार्य के लिये नई नियुक्ति की समाप्ति । .. २५

चौथा अध्याय—प्रकीर्ण

खण्ड पृष्ठ क्र०

२४. समितियों का गठन आदि । .. .. २५

२५. मण्डल द्वारा समितियों को प्रत्यायोजित की गई शक्तियों का प्रयोग आदि । २६

२६. रिक्तियों के कारण कार्यवाहियां अविधिवत् नहीं होंगी। २७

२७. नियम बनाने की शक्ति । .. .. २७

२८. विनियम बनाने की मण्डल की शक्तियां । .. २७

२९. उप-विधियां बनाने की शक्तियां । .. .. ३०

पांचवां अध्याय—निरसन आदि

३०. निरसन तथा व्यावृत्ति । .. .. ३१

३१. अन्तर्वर्ती उपबन्ध । .. .. ३२

३२. कठिनाई दूर करने की शक्ति । .. .. ३२

# मध्यप्रदेश अधिनियम

क्रमांक २३ सन १९६५

## मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा अधिनियम, १९६५ (संशोधित)

(दिनांक २९ सितम्बर १९६५ को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हुई। अनुमति "मध्यप्रदेश राजपत्र" (असाधारण) में, दिनांक ३० सितम्बर १९६५ को प्रथम बार प्रकाशित की गई)।

मध्यप्रदेश में माध्यमिक शिक्षा का विनियमन करने के लिए मण्डल की स्थापना तथा उसके सहायक अन्य विषयों के लिए उपबन्ध करने के हेतु अधिनियम।

भारत गणराज्य के सोलहवें वर्ष में मध्यप्रदेश विधान मण्डल द्वारा इसे निम्नलिखित रूप में अधिनियमित किया जाय:—

### पहला अध्याय—प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम विस्तार तथा प्रारम्भ।

१. (१) यह अधिनियम मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा अधिनियम, १९६५ कहलायेगा।

(२) इसका विस्तार—क्षेत्र सम्पूर्ण मध्यप्रदेश होगा।

*[ (३) यह धारा तत्काल प्रवृत होगी तथा धारा २ से ३२ तक की धारायें ऐसे दिनांक को प्रवृत होंगी जिसे राज्य शासन, अधिसूचना द्वारा, नियत करें ]।

---

*मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन अधिनियम) १९६६ (क्रमांक ३ सन १९६६) द्वारा स्थापित की गई। धारायें २ से ३२ तक राज्य शासन शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रमांक १२०८८—बीस—२—६५, दिनांक १०—११—६५ द्वारा १० नवम्बर १९६५ से प्रवृत हुई।

**परिभाषायें—** २. इस अधिनियम में, जब तक कि कोई बात विषय या प्रसंग में विरुद्ध न हो:—

(क) "मण्डल" से तात्पर्य धारा ३ के अधीन स्थापित माध्यमिक शिक्षा मण्डल से है;

(ख) "उपविधि" से तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन बनाई गई उप–विधि से है;

(ग) "सभापति" से तात्पर्य मण्डल के सभापति से है;

(घ) "सम्भागीय मण्डल" से तात्पर्य धारा २० के अधीन राजस्व आयुक्त के संभाग के लिए स्थापित किये गए संभागीय मण्डल से है;

(ङ) "सम्भागीय सभापति" से तात्पर्य सम्भागीय मण्डल के सभापति से है;

(च) "संस्था" से तात्पर्य ऐसी संस्था से है जो माध्यमिक शिक्षा प्रदान करती हो या ऐसी संस्था से है जिसे विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार न मिले हों और जो अध्यापकों को यथास्थिति प्रमाण-पत्र या उपाधि पत्र सम्बन्धी पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्रदान करती हो और उसमें संस्था का भाग सम्मिलित है;

* (छ) "स्थानीय निकायों" से तात्पर्य राज्य में के नगरपालिक निगमों, नगरपालिका परिषदों, जिला पंचायतों तथा जनपद पंचायतों से है। परन्तु जब तक कि जिला पंचायतों का गठन होता है उस निर्देश का, जो कि जिला पंचायतों के प्रति किया गया हो, यह अर्थ लगाया जायगा कि वह मध्यभारत क्षेत्र में की मण्डल पंचायतों के प्रति किया गया निर्देश है;

(ज) "प्रबन्ध–समिति" से तात्पर्य किसी मान्यता-प्राप्त संस्था की यथास्थिति प्रतिष्ठान संस्था (फाउन्डेशन सोसायटी) या शासी निकाय द्वारा गठित प्रबन्ध समिति से है;

(झ) "मिडिल स्कूल शिक्षा" से तात्पर्य ऐसी शिक्षा से है, जिसे राज्य शासन, अधिसूचना

---

* मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा जोड़ा गया।

द्वारा, समय-समय पर परिभाषित करे;

(ञ) "शालाओं के सन्दर्भ में प्रयुक्त मान्यता-प्राप्त" से तात्पर्य, उसके व्याकरण सम्बन्धी परिवर्तनों सहित, मण्डल के विशेषाधिकार देने के प्रयोजन के लिए मण्डल द्वारा मान्यता-प्राप्त से है;

(ट) "विनियम" से तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन मण्डल द्वारा बनाये गये विनियम से है;

(ठ) "माध्यमिक शिक्षा" से तात्पर्य ऐसी शिक्षा से है, जो मिडिल स्कूल शिक्षा के ठीक पश्चात आती हो और भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालयों द्वारा नियंत्रित शिक्षा के प्रक्रम के ठीक पूर्व तक चलती हो;

+(तथा उसमें विश्वविद्यालयों द्वारा नियंत्रित शिक्षा के प्रक्रम का वह भाग सम्मिलित है जिस तक कि इण्टरमीजिएट परीक्षा के नाम से ज्ञात परीक्षा धारा ३० के अधीन निरस्त किये गए अधिनियम के अधीन स्थापित तथा गठित मण्डल द्वारा इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पूर्व संचालित की जाती थी);

* (ड) "अनुसूचित जाति" से तात्पर्य किसी जाति, मूलवंश या जनजाति अथवा किसी जाति मूलवंश या जनजाति के भाग या किसी जाति, मूलवंश या जनजाति के भीतर के समूह के, जो कि भारत के संविधान के

---

+मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९६६ (क्रमांक ३ सन १९६६) द्वारा जोड़ा गया।

* मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा जोड़ा गया।

अनुच्छेद ३४१ के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के सम्बन्ध में अनुसूचित जाति के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो, सदस्य से है;

*(ढ) "अनुसूचित जनजाति" से तात्पर्य किसी जनजाति, जनजाति समुदाय अथवा किसी जनजाति या जनजाति समुदाय के भाग या किसी जनजाति या जनजाति समुदाय के भीतर के समूह के, जो कि भारत के संविधान के अनुच्छेद ३४२ के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के सम्बन्ध में उस रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो, सदस्य से है।

## दूसरा अध्याय—माध्यमिक शिक्षा मण्डल की स्थापना उसका गठन, उसके कृत्य आदि

मण्डल का निगमन — ३. (१) राज्यशासन, यथाशक्य शीघ्र, अधिसूचना द्वारा, ऐसे दिनांक से जो कि अधिसूचना में उल्लिखित किया जाय, एक माध्यमिक शिक्षा मण्डल की स्थापना करेगा

(२) मण्डल, माध्यमिक शिक्षा मण्डल के नाम से एक निगम निकाय होगा और उसका शाश्वत् उत्तराधिकार होगा तथा उस की एक सामान्य मुद्रा होगी और उसे जंगम तथा स्थावर दोनों प्रकार की संपत्ति अर्जित करने तथा धारण करने की शक्ति प्राप्त होगी और उसे इस अधिनियम के अधीन किए गए उपबन्धों के अधीन रहते हुए, उसके द्वारा धारण की गई किसी भी सम्पत्ति का अन्तरण करने तथा संविदा करने तथा उसके गठन के प्रयोजनों के लिए आवश्यक समस्त अन्य कार्य करने की शक्ति प्राप्त होगी और वह उसके निगमित नाम से वाद प्रस्तुत कर सकेगा या उसके विरुद्ध वाद प्रस्तुत किया जा सकेगा।

---

* मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा जोड़ा गया।

४. (१) मण्डल में सभापति तथा निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्:— मण्डल का गठन

## पदेन सदस्य

[क] संचालक, लोक शिक्षण,

[ख] संचालक, प्राविधिक शिक्षा;

[ग] माध्यमिक शिक्षा का प्रभारी संयुक्त संचालक; लोक शिक्षण, यह कोई हो, या उप संचालक, लोक शिक्षण, जो माध्यमिक शिक्षा का प्रभारी हो,

*[घ] संचालक, राष्ट्रीय छात्र सेना,

## कुलाधिपति द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्य

*[ङ.] राज्य में के विश्वविद्यालयों की कार्य परिषदों में के सस्दयों में से दो सदस्य जो कुलाधिपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जायेंगे;

## निर्वाचित सदस्य

[च] मध्यप्रदेश विधान सभा द्वारा अपने सदस्यों में से निर्वाचित पांच सदस्य;

## राज्य शासन द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्य

*[छ] राज्य शासन द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले पन्द्रह सदस्य जिनमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :—

[एक] ऐसे चार व्यक्ति जो मण्डल द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं के प्रधानों, जिनमें शिक्षक;

---

* मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा स्थापित किया गया।

प्रशिक्षण संस्थाओं तथा प्रशिक्षण महाविद्यालयों के प्राचार्य सम्मिलित होंगे, का प्रतिनिधित्व करते हों;

[दो] ऐसे छः व्यक्ति जो मण्डल द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं के अध्यापकों, जिनमें कम से कम तीन महिलायें होंगी, का प्रतिनिधित्व करते हों;

[तीन] ऐसे तीन व्यक्ति जो स्थानीय निकायों को सम्मिलित करते हुए उस प्रबन्धक निकाय [मिनेजमेंट], जो मण्डल द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं को चलाता हो, का प्रतिनिधित्व करते हों;

[चार] दो व्यक्ति जो शिक्षा संचालनालय का प्रतिनिधित्व करते हों, या उद्योग, वाणिज्य, कृषि तथा चिकित्सीय वृत्तियों से संबंधित हों;

परन्तु यदि संचालक, लोक शिक्षण को सभापति नियुक्त किया जाय, तो अपर संचालक, यदि कोई हो, या राज्य शासन द्वारा नामनिर्दिष्ट किया गया संयुक्त संचालक उसके स्थान पर पदेन सदस्य होगा.

* [परन्तु यह और भी कि मध्यप्रदेश विधान सभा के वे सदस्य, जो कि उस मण्डल के सदस्य हैं जो धारा ३० की उपधारा (१) के खण्ड [ख] के अधीन अस्तित्व में नहीं रहेगा, खण्ड [च] के अधीन इन अधिनियम के अधीन प्रथम बार गठित किए गए मण्डल के सदस्य

---

*मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९६६(क्रमांक ३ सन १९६६) द्वारा स्थापित किया गया।

हो जायेंगे और धारा ६ में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उस समय तक उसके सदस्य बने रहेंगे जब तक कि वे मध्य-प्रदेश विधान सभा के सदस्य बने रहते हैं.]

* परन्तु उपधारा [१] के खण्ड [छ] के अधीन नामनिर्दिष्ट किए गए पन्द्रह सदस्यों में से तीन सदस्य अनुसूचित जन-जातियों के तथा दो सदस्य अनुसूचित जातियों के होंगे :—

*[२] विलोपित

[३] निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट किए गए प्रत्येक व्यक्ति का नाम राजपत्र में अधिसूचित किया जायगा.

**सभापति की नियुक्ति तथा उसकी पदावधि एवं सेवा-शर्तें**

५. [१] सभापति ऐसा व्यक्ति होगा जो राज्य शासन द्वारा, इस संबंध में अधिसूचना द्वारा, नियुक्त किया जाय.

[२] सभापति की पदावधि तथा अन्य सेवा-शर्तें ऐसी होंगी जो कि नियमों द्वारा विहित की जाय.

**पदावधि और आकस्मिक रिक्त स्थानों की पूर्ति आदि.**

६. [१] पदेन सदस्यों या नामनिर्दिष्ट किए गए सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्यों की पदावधि साधारणतः पांच वर्ष होगी ।

*[२] उपधारा [१] में निर्दिष्ट की गई पांच वर्ष की कालावधि की गणना उस दिनांक से की जायगी जो कि धारा ४ की उपधारा (३) के अधीन जारी की गई अधिसूचना में उल्लिखित किया गया हो:—

[३] यदि कोई निर्वाचित सदस्य किसी कारण-वश उस निकाय का सदस्य न रहे जिससे वह निर्वाचित

---

* मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा स्थापित किया गया।

किया था, तो वह सदस्य नहीं रह जायेगा और उसका पद रिक्त हो जायगा।

(४) नामनिर्दिष्ट सदस्यों की पदावधि धारा ४ की उपधारा (३) के अधीन नामनिर्देशन से संबंधित अधिसूचना के दिनांक से तीन वर्ष होगी"

(५) इस धारा में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, वहिर्गामी सदस्य जब तक कि राज्य शासन अन्यथा निर्देशित न करें, अपने उत्तराधिकारी के निर्वाचन या नामनिर्देशन के अधिसूचित किए जाने तक पद पर बना रहेगा.

(६) यदि राज्य शासन का यह विचार हो कि किसी नामनिर्दिष्ट सदस्य का अपने पद पर बना रहना लोकहित में नहीं है, तो राज्य शासन उसका नाम निर्देशन समाप्त करने वाला आदेश दे सकेगा और तदुपरांत वह इस बात के होते हुए भी कि वह अवधि जिसके लिए नामनिर्दिष्ट किया गया था, समाप्त नहीं हुई है, मण्डल का सदस्य नहीं रहेगा.

* (७) मण्डल का कोई भी सदस्य राज्य शासन को सम्बोधित किए गए पत्र द्वारा अपने पद का त्याग-कर सकेगा. त्यागपत्र राज्य शासन द्वारा उसके स्वीकृत किये जाने के दिनांक से प्रभावी होगा.

*(८) किसी सदस्य की मृत्यु, पदत्याग या नाम-निर्देशन की समाप्ति के कारण से या किसी अन्य कारण से होने वाली आकस्मिक रिक्ति की दशा में, ऐसी रिक्ति यथास्थिति निर्वाचन या नामनिर्देशन द्वारा भरी जायगी, तथा ऐसी रिक्ति के भरे जाने के लिए निर्वा-

---

* मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा स्थापित किया गया।

चित या नामनिर्दिष्ट किया गया व्यक्ति उतनी अवधि तक उस पद पर रहेगा जितनी अवधि तक कि वह व्यक्ति, जिसके स्थान पर वह इस प्रकार निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट किया गया है, उस पद पर रहता और उससे अधिक नहीं.

*(९) बहिर्गामी सदस्य, यदि वह अन्यथा अर्ह हो, पुनर्निर्वाचन या पुनः नामनिर्देशन के लिए पात्र होगा.

* (१०) जहां कोई सदस्य, सभापति की पूर्व अनुज्ञा के बिना, मण्डल के तीन क्रमवर्ती सम्मिलनों में स्वयं अनुपस्थित रहता है, वहां मण्डम उसके स्थान को रिक्त घोषित करेगा.

*(११) मूल अधिनियम की धारा ६ की उपधारा (१) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उन सदस्यों के सम्बन्ध में, जो धारा ४ की उपधारा [१] के खण्ड[ड.] के अधीन निर्वाचित किए गए हों, यह समझा जायगा कि वे ३ फरवरी सन् १९७९ से पद पर नहीं रह गए हैं। **सदस्यता की समाप्ति.**

*७. मण्डल के किसी सम्मिलिन के लिए गणपूर्ति सदस्यों की कुल संख्या के एक तिहाई से होगी. **गणपूर्ति**

८. मण्डल को निम्नलिखित शक्तियां प्राप्त होंगी, अर्थात् :— **मंडल की शक्तियां**

(क) माध्यमिक शिक्षा की ऐसी शाखाओं में, जिन्हें वह उचित समझे, शिक्षण का पाठ्यक्रम विहित करना;

*(कक)मण्डल द्वारा संचालित की गई परीक्षाओं में अनुचित साधन उपयोग में लाने वाले या परीक्षाओं में हस्तक्षेप करने वाले अभ्यर्थियों पर शास्तियाँ अधिरोपित करने के लिये विनिमय बनाना;

(ख) ऐसे पाठ्यक्रमों पर आधारित परीक्षाओं का संचालन करना और उसके सहायक समस्त उपाय करमा;

---

* मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा स्थापित किया गया।

(ग) ऐसे अभ्यर्थियों को, जिन्होंने—

(एक) मण्डल द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं में, या

(दो) प्रायवेट तौर पर

शिक्षण के विहित पाठ्यक्रम का अध्ययन किया हो, ऐसी शर्तों पर, जैसी कि विहित की जांय, परीक्षाओं में प्रवेश देना;

(घ) अपनी परीक्षाओं के परीक्षा-फल प्रकाशित करना;

(ङ.) मण्डल की परीक्षायें उत्तीर्ण करने वाले व्यक्तियों को उपाधिपत्र या प्रमाण-पत्र प्रदान करना;

(च) मध्यप्रदेश में स्थित संस्थाओं को मण्डल के विशेषाधिकार देने के प्रयोजनों के लिये उनको मान्यता प्रदान करना,

*(चच) शालाओं या संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने की शर्तें, जिनके अन्तर्गत अध्यापकों की सेवा शर्तें, उनकी अर्हताओं सम्बन्धी शर्तें, उपस्कर, भवन तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं सम्बन्धी शर्तें भी आती हैं; विहित करना,

*(चचच) किसी संस्था की मान्यता को उस दशा में वापिस लेना जबकि जांच के पश्चात मण्डल का यह समाधान हो जाये कि उसके विशेषाधिकारों का उस संस्था द्वारा दुरुपयोग किया जाता है या यह कि ऐसी संस्था को मान्यता प्रदान करने के लिए मण्डल द्वारा अधिरोपित की गई शर्तों का अनुपालन नहीं किया जाता है :

---

* मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा स्थापित किया गया।

परन्तु आमान्यता मामूली तौर से शैक्षणिक सत्र के मध्य में प्रवर्तित नहीं की जायेगी :

परन्तु यह और भी कि यदि अमान्यता शैक्षणिक सत्र के मध्य में प्रवर्तित की जाती है, तो इस प्रकार अमान्य की गई शाला के उन विद्यार्थियों को, जिन्हें कि मंडल की परीक्षाओं में प्रवेश दिया गया होता, परीक्षा में प्राइवेट तौर पर बैठने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा;

(छ) मान्यता प्राप्त संस्थाओं की या मान्यता के लिए आवेदन करने वाली संस्थाओं की दशा के सम्बन्ध में संचालक लोक शिक्षण से रिपोर्ट तलब करना या ऐसी संस्थाओं के निरीक्षण का निदेश देना ;

(ज) मान्यता-प्राप्त संस्थाओं के विद्यार्थियों के शारीरिक, नैतिक तथा सामाजिक कल्याण में अभिवृद्धि करने के लिए उपाय ग्रहण करना और उनके निवास तथा अनुशासनकी शर्तें विहित करना ;

(झ) व्याख्यानों, प्रदर्शनों, शैक्षणिक प्रदर्शनियों का आयोजन करना और उनकी व्यवस्था करना तथा ऐसे अन्य उपाय करना जो कि माध्यमिक शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए आवश्यक हों।

(ञ) ऐसी शर्तों के अधीन, जो कि विहित की जांय, छात्रवृत्तियां, पदक तथा पुरस्कार संस्थित करना और प्रदान करना।

(ट) ऐसी फीस की मांग करना और प्राप्त

करना, जो कि विहित की जांय, जिसमें रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों तथा प्रबन्ध-समितियों की रजिस्ट्रीकरण फीस भी सम्मिलित है ;

(ठ) सम्भागीय मण्डल के कार्यकरण को नियंत्रित करने, उसका पर्यवेक्षण करने तथा उसके सम्बन्ध में निदेश देने के प्रयोजन के लिए समस्त उपाय करना ;

(ड) मिडिल स्कूल तथा माध्यमिक शिक्षा में समन्वय सुनिश्चित करने की दृष्टि से मिडिल स्कूल शिक्षा के शिक्षण-पाठ्यक्रम तथा पाठ्य-विवरण के सम्बन्ध में राज्य शासन को सलाह देना ;

†"(डड) एक) माध्यमिक शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए सम्मेलनों, विचार-गोष्ठियों, परिसंवादों का आयोजन करना ;

(दो) प्रश्न-पत्र बनाने वालों के लिए कर्मशालाओं (वर्कशाप) तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना ;

(तीन) नवीनतम मूल्यांकन प्रक्रियाओं में अन्वेषण तथा गवेषणायें करके या अन्य प्रयोग करके शालाओं की पाठचर्या का आधुनिकीकरण करने, विज्ञान तथा गणित की शिक्षा, कार्य अनुभव तथा व्यवसायीकरण

---

†मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन् १९७९ द्वारा स्थापित किया गया।

को सुदृढ़ आधार प्रदान करने के संबंध में आवश्यक उपाय करना ;

(चार) परीक्षाओं को अधिक विधिमान्य, विश्वसनीय, व्यापक तथा विस्तृत बनाने के लिए समस्त आवश्यक उपाय करना ।

(पांच) आंकलित (क्यूमुलेटिव) अभिलेखों तथा आंतरिक निर्धारण संबन्धी अभिलेखों के माध्यम से विद्यार्थियों के.व्यापक मूल्यांकन के लिये व्यवस्था करना ।

(ढ) ऊपर उल्लिखित किये गये प्रयोजनो में से किसी भी प्रयोजन से समनुषक्त या इस अधिनियम के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के प्रयोजन के लिये अन्य समस्त कार्य करना ।

**मण्डल का सदस्य होने के लिये निरर्हता**

८-क कोई भी व्यक्ति सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाने या सदस्य के रूप में बना रहने के लिये निरर्हित होगा, यदि वह स्वयं या अपने भागीदार द्वारा, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः —

(क) किसी ऐसे प्रकाशन में, जो माध्यमिक शिक्षा देने वाली किसी संस्था में उपयोग में लाया जाने के लिये

---

† मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा स्थापित किया गया ।

अध्ययन की पाठ्यपुस्तक के रूप में विहित किया गया हो, कोई अंश या हित रखता हो; या

(ख) किसी ऐसे कार्य में, जो मण्डल के लिये या मण्डल की ओर से किया गया हो, कोई अंश या हित रखता हो ।

स्पष्टीकरण—इस धारा के प्रयोजन के लिये, किसी पाठ्यपुस्तक के प्रकाशन के अन्तर्गत उसका पुनः प्रकाशन भी आयेगा ।

**राज्य शासन की शक्तियां**

९. (१) राज्य शासन को यह अधिकार होगा कि वह मंडल या सम्भागीय मण्डल द्वारा संचालित की गई या की गई किसी भी बात के सन्दर्भ में मण्डल को सम्बोधित करे और किसी भी विषय पर, जिससे मण्डल या सम्भागीय मण्डल का सम्बन्ध हो, अपने विचार संसूचित करे ।

(२) मण्डल, ऐसी कार्यवाही की, यदि कोई हो, जैसी कि वह उस संसूचना पर करना प्रस्तावित करे या कर चुका हो, राज्य शासन को रिपोर्ट देगा और यदि वह कार्यवाही न कर पाए तो स्पष्टीकरण देगा ।

(३) यदि मण्डल युक्तियुक्त समय के भीतर राज्य शासन के समाधान योग्य कार्यवाही न करे, तो राज्य शासन, मण्डल द्वारा दिए गये किसी भी स्पष्टीकरण या किये गए अभ्यावेदन पर विचार करने के पश्चात, इस अधिनियम से संगत ऐसे निदेश देगा जिन्हें कि वह उचित समझे और यथा स्थिति मण्डल या सम्भागीय मण्डल ऐसे निदेशों का पालन करेगा ।

(४) यदि राज्य शासन की राय में किसी आपातिक स्थिति के कारण शीघ्र कार्यवाही करना अपेक्षित हो, तो राज्य शासन, मण्डल या संभागीय मण्डल से पूर्व परामर्श किए बिना, इस अधिनियम के अधीन, मण्डल या सम्भागीय मण्डल की शक्तियों में से ऐसी शक्ति का प्रयोग कर सकेगा जिसे कि वह उचित समझे, और की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में मण्डल को तत्काल इत्तिला देगा।

(५) राज्य शासन, मण्डल या सम्भागीय मण्डल के किसी भी संकल्प या आदेश का निष्पादन, लिखित आदेश द्वारा, तत्सम्बन्धी कारणों का उल्लेख करते हुये निलंम्बित कर सकेगा और ऐसे कार्य के किये जाने का प्रतिषेध कर सकेगा जिसके कि किए जाने का मण्डल या सम्भागीय मण्डल द्वारा आदेश दिया गया हो या जिसके किए जाने का मण्डल द्वारा आदेश दिया जाना अभिप्रेत हो, यदि राज्य शासन की यह राय हो कि ऐसा संकल्प, आदेश या कार्य इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन मण्डल या सम्भागीय मण्डल को प्रदत्त शक्तियों की सीमा के बाहर है।

(६) जब कभी उपधारा (३), (४) या (५) के अधीन राज्य शासन द्वारा कोई कार्यवाही की जाय, तो ऐसी कार्यवाही का कारण प्रकट करते हुए, उसकी रिपोर्ट, यथाशीघ्र, विधान सभा के पटल पर रखी जायेगी।

१०. मण्डल के लिये एक मण्डल-निधि गठित की जायेगी और इस अधिनियम के अधीन या अन्यथा मण्डल द्वारा या मण्डल की ओर से प्राप्त समस्त धन राशियां उसके नामे जमा की जायेगी। — मण्डल-निधि का गठन

११. मण्डल निधि में जमा सम्पूर्ण धन शासकीय कोषागार में या किसी बैंक में, जैसा कि मण्डल, शासन के अनुमोदन से अवधारित कर रखा जायेगा। — मण्डल-निधि की अभिरक्षा और उसका विनिधान

परन्तु इस धारा की किसी बात से यह नहीं समझा जायगा कि वह मण्डल को ऐसे धनों का, जो तत्काल व्यय के लिये अपेक्षित नहीं हैं, किन्हीं भी शासकीय प्रतिभूतियों में विनिधान करने से प्रतिवारित करती है ।

मण्डल-निधि का उपयोग

१२. इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, मण्डल-निधि का उपयोग इस अधिनियम में उल्लिखित किये गये अनेक मामलों के प्रसंग में होने वाले प्रभारों तथा व्ययों की देनगी के लिए और ऐसे किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए किया जाएगा जिसके लिए कि इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन मण्डल या सम्भागीय मण्डल को शक्तियां प्रदान की गई हों या उस पर कर्त्तव्य अधिरोपित किये गये हों ।

बजट

१३. (१) मण्डल आगामी वित्तीय-वर्ष के लिए बजट ऐसी रीति में तैयार करेगा जो कि विनियमों द्वारा विहित की जाय और उसे राज्य शासन की ओर उसकी मंजूरी के लिये ऐसे दिनांक को अग्रेषित करेगा जो ऐसे वित्तीय वर्ष के पूर्वगत इकत्तीस जनवरी के पश्चात का न हो । राज्य शासन उसके सम्बन्ध में ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जिन्हें कि वह उचित समझे और मण्डल को ऐसे वित्तीय वर्ष के पूर्वगत ३१ मार्च तक उसकी संसूचना देगा और मण्डल ऐसे आदेशों को प्रभावी बनायेगा ;

परन्तु यदि मण्डल को उपरिनिर्दिष्ट ३१ मार्च तक मन्जूरी की संसूचना न दी जाय, तो बजट के सम्बन्ध में यह समझा जायगा कि वह बिना किसी रूपभेदन के राज्य शासन द्वारा मन्जूर कर दिया गया है ।

(२) मण्डल, यदि वह ऐसा करना उचित समझे, किसी भी वित्तीय वर्ष के दौरान, ऐसे वर्ष के

लिये अनुपूरक बजट तैयार करेगा और उसे राज्य शासन को उसकी मंजूरी के लिये ऐसे दिनांक को प्रस्तुत करेगा जो उक्त वित्तीय वर्ष के इकत्तीस अक्टूबर के पश्चात का न हो, राज्य शासन उसके सम्बन्ध में ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जिन्हें कि वह उचित समझे और मण्डल को उक्त वित्तीय वर्ष के तीस नवम्बर तक उसकी संसूचना देगा और मण्डल ऐसे आदेशों को प्रभावी बनायेगा ;

परन्तु यदि मण्डल को तीस नवम्बर तक मंजूरी की संसूचना न दी जाय, तो अनुपूरक बजट के सम्बन्ध में यह समझा जायगा कि वह बिना किसी रूप-भेदन के राज्य शासन द्वारा मंजूर कर दिया गया है।

**मण्डल के लेखाओं की लेखा-परीक्षण**

१४. मण्डल तथा सम्भागीय मण्डल के लेखाओं की लेखा-परीक्षण प्रति वर्ष ऐसे अभिकरण द्वारा की जायेगी जो कि राज्य शासन द्वारा उल्लिखित किया जाय और लेखा-परीक्षित लेखे और सन्तुलन-पत्र (बैलेंस शीट) की एक प्रति मण्डल द्वारा राज्य शासन को प्रतिवर्ष ऐसे दिनांक तक प्रस्तुत की जायेगी जिसे कि राज्य शासन नियमों द्वारा उल्लिखित करे।

**सभापति की शक्तियां तथा कर्त्तव्य**

१५. (१) सभापति का यह कर्त्तव्य होगा कि वह यह देखे कि इस अधिनियम का और विनियमों का पालन निष्ठापूर्वक किया जा रहा है और उसे इस प्रयोजन के लिये आवश्यक समस्त शक्तियां प्राप्त होंगी।

(२) सभापति, जब कभी वह उचित समझे, कम से कम पूरे २१ दिन की सूचना देने के पश्चात सम्मिलन बुला सकेगा और ऐसी लिखित अधियाचना के, जो कि मण्डल के कम से कम तेरह सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित हो तथा जिसमें सम्मिलन के समक्ष लाये जाने वाले काम काज का उल्लेख हो, प्राप्त होने के

चौदह दिन के भीतर, ऐसा करने के लिए बाध्य होगा ।

(३) मण्डल के कामकाज से उत्पन्न होने वाली किसी आपातिक स्थिति में, जो कि सभापति की राय में यह अपेक्षा करती हो कि तत्काल कार्यवाही की जाय, सभापति ऐसी कार्यवाही करेगा जिसे कि वह आवश्यक समझे और तत्पश्चात् मण्डल को उसके आगामी सम्मिलन में, अपनी कार्यवाही की रिपोर्ट देगा ।

(४) सभापति ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा जो विनियमों द्वारा उसमें निहित की जाय ।

* (५) सभापति एक लिखित आदेश द्वारा, जिसमें कि प्रत्यायोजित की गई शक्तियां उल्लिखित की गई हों, सचिव को ऐसी शक्तियां, जो कि इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन सभापति को प्रदत्त की गई हों, प्रत्यायोजित कर सकेगा तथा ऐसे कर्तव्य, जो कि इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन सभापति पर अधिरोपित किए गये हों, सौंप सकेगा ।

उपसभापति की नियुक्ति, उसकी शक्तियां और उसके कर्त्तव्य

१६. (१) राज्य शासन सभापति के परामर्श से किसी भी व्यक्ति को मण्डल का उपसभापति नियुक्त कर सकेगा ।

(२) उपसभापति की पदावधि तथा अन्य सेवा-शर्तें ऐसी होंगी जो कि नियमों द्वारा विहित की जाय ।

(३) उपसभापति समस्त प्रशासनिक अथवा शैक्षणिक मामलों में सभापति की सहायता करेगा और सभापति की ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो कि सभापति द्वारा उसे प्रत्यायोजित की जाय तथा सभापति के ऐसे कृत्यों का पालन करेगा जो कि सभापति द्वारा उसे सौंपे जांय ।

---

*मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन)अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा स्थापित किया गया ।

मण्डल के पदाधिकारी तथा सेवक

१७. (१) मण्डल का एक सचिव होगा, तथा उतने उप-सचिव होंगे जितने कि राज्य शासन आवश्यक समझे।

(२) सचिव तथा उपसचिवों की नियुक्ति राज्य शासन पर निर्भर होगी।

* (३) मण्डल, उपधारा (५) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए ऐसे पदाधिकारियों को, जिन के अन्तर्गत सहायक सचिव तथा सेवक आते हैं, नियुक्त कर सकेगा जिन्हें कि वह अपने कृत्यों के दक्षतापूर्ण पालन के लिए आवश्यक समझें।

(४) मण्डल के पदाधिकारियों तथा सेवकों की अर्हताएं, नियुक्ति और सेवा की शर्तें तथा वेतन-मान—

(क) सचिव तथा उपसचिवों के सम्बन्ध में ऐसे होंगे, जैसे कि राज्य शासन द्वारा बनाये गये नियमों द्वारा उल्लिखित किये जांय, और

(ख) सहायक सचिवों, अन्य पदाधिकारियों तथा सेवकों के सम्बन्ध में ऐसे होंगे जैसे कि इस अधिनियम के अधीन बनाये गये विनियमों द्वारा अवधारित किये जांय।

* (५) मण्डल राज्य शासन के पूर्व अनुमोदन के बिना न तो किसी ऐसे पद का सृजन करेगा जिसका कि प्रारंभिक वेतन ५०० रुपये या अधिक हो या जिसका कि अधिकतम वेतन ६०० रुपये या अधिक हो, और न वह किसी भी व्यक्ति को ऐसे प्रारम्भिक या अधिकतम वेतन वाले किसी पद पर नियुक्त ही करेगा।

---

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १६७६ (क्रमांक ११ सन १६७६) द्वारा स्थापित किया गया।

**सचिव की शक्तियां और कर्त्तव्य.**

१८. (१) सचिव, प्रधान प्रशासकीय पदाधिकारी होगा ओर सभापति के नियन्त्रण के अधीन रहते हुए, ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करेगा, जैसे कि उसे मंडल द्वारा सौंपे जांय.

(२) सचिव, इस बात को देखने के लिये उत्तरदायी होगा कि सम्पूर्ण धन उन्हीं प्रयोजनों पर व्यय किया जाता है जिनके लिये वह मंजूर किया गया है या बंटित किया गया है.

(३) सचिव, मण्डल का कार्यवृत रखने के लिये उत्तरदायी होगा.

(४) सचिव, मण्डल तथा कार्यपालिका समिति के किसी भी सम्मिलन में उपस्थित रहने का और बोलने का हक़दार होगा किन्तु, उसमें मत देने का हक़दार नहीं होगा.

(५) सचिव ऐसी अन्य शक्तियों को प्रयोग में लायेगा जो विनियमों में निर्धारित की गई हों.

**कार्यपालिका समिति**

१९. (१) मण्डल के सदस्यों को सम्मिलित करते हुए, एक कार्यपालिका समिति निम्नलिखित रूप में गठित की जायगी :—

(क) मण्डल का सभापति;

(ख) संचालक, लोक शिक्षण;

(ग) धारा ४ की उपधारा (१) के खण्ड (च) के अधीन निर्वाचित किए गए सदस्यों में से मण्डल द्वारा निर्वाचित किए जाने वाले दो सदस्य;

(घ) धारा ४ की उपधारा (१) के खण्ड (छ) के उपखण्ड (एक) तथा (दो) के अधीन नाम-निर्दिष्ट किए गए सदस्यों में से मण्डल द्वारा निर्वाचित किए जाने वाले दो सदस्य;

(ङ.) धारा ४ की उपधारा (१) के खण्ड (छ) के उपखण्ड (तीन) तथा चार के अधीन नाम-निर्दिष्ट किए गए सदस्यों में से मण्डल द्वारा निर्वाचित किए जाने वाले तीन सदस्य;

(च) किसी ऐसे हित का, जिसका कि कार्यपालिका समिति से अन्यथा प्रतिनिधित्व न किया गया हो, प्रतिनिधित्व करने के लिये राज्य शासन द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला एक सदस्य.

(२) मंडल का सभापति तथा सचिव कार्यपालिका समिति के क्रमशः सभापति तथा सचिव के रूप में कार्य करेंगे.

*(३) "कार्यपालिका समिति के सदस्यों की पदावधि दो वर्ष होगी किन्तु वह इस प्रकार कि उक्त अवधि उस मण्डल की अवधि के आगे तक न चली जाय जिसने कि उक्त कार्यपालिका समिति का गठन किया हो."

(४) कार्यपालिका समिति ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगी तथा ऐसे कृत्यों का पालन करेगी जो कि विनिमयों द्वारा विहित की/किए जांय।

## तीसरा अध्याय—सम्भागीय मण्डल

२०. (१) प्रत्येक राजस्व सम्भाग के लिए एक संभागीय मण्डल गठित किया जा सकेगा जिसमें संभागीय सभापति तथा निम्नलिखित सदस्य नीचे बतलाये गये अनुसार होंगे :— सम्भागीय मण्डल.

(क) राजस्व संभाग के स्नातकोत्तर बुनियादी

---

*मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९६६ क्रमांक ३ सन् १९६६ द्वारा जोड़ा गया.

प्रशिक्षण महाविद्यालय का प्राचार्य और यदि संभाग में एक से अधिक ऐसे महाविद्यालय हों, तो ऐसे प्रचार्यों में से ज्येष्ठतम;

(ख) राजस्व सम्भाग के भीतर का/के सम्भागीय अधीक्षक;

(ग) सम्भाग का एक जिला शिक्षा पदाधिकारी जो राज्य शासन द्वारा प्रति वर्ष बारी-बारी से नामनिर्दिष्ट किया जायेगा;

(घ) राजस्व सम्भाग में के किसी निर्वाचन-क्षेत्र या किसी निर्वाचन-क्षेत्र के भाग का प्रतिनिधित्व करने वाला विधान सभा का एक सदस्य जो राज्य शासन द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा;

(ङ.) सम्भागीय मुख्यालय पर स्थित नगर निगम का महापौर या नगरपालिका परिषद का अध्यक्ष, जैसी भी कि दशा हो;

(च) माध्यमिक शिक्षा में अभिरुचि रखने वाला एक व्यक्ति जो राज्य शासन द्वारा नाम-निर्दिष्ट किया गया हो.

(२) सम्भागीय मण्डल का मुख्यालय राजस्व सम्भाग के मुख्यालय के स्थान पर स्थित होगा.

(३) सम्भागीय मण्डल का सभापति ऐसा व्यक्ति होगा जो राज्य शासन द्वारा इस सम्बन्ध में, अधिसूचना द्वारा, नियुक्त किया जाय तथा वह सम्भागीय मण्डल का सदस्य समझा जायगा.

(४) * [उपधारा १] के खण्ड (घ) तथा (च) के अधीन नामनिर्दिष्ट किए गए सदस्यों की पदावधि राजपत्र में उनके नामनिर्देशन की अधिसूचना के दिनांक से तीन वर्ष होगी.

---

*माध्यमिक शिक्षा संशोधन अधिनियम क्रमांक ३, सन् १९६६ के द्वारा स्थापित किया गया.

(५) सम्भागीय मण्डल का सचिव, ऐसा व्यक्ति होगा जो कि राज्य शासन द्वारा उस रूप में नियुक्त किया जाय.

(६) इस अधिनियम के अन्य उपबन्धों तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अधीन रहते हुए, सम्भागीय मण्डल के सम्भागीय सभापति तथा सचिव, सम्भागीय मण्डल से सम्बन्धित विषयों के सम्बन्ध में उन्हीं शक्तियों का प्रयोग करेंगे तथा उन्हीं कृत्यों का पालन करेंगे, जिनका कि मण्डल का सभापति या सचिव, जैसी भी कि दशा हो, मण्डल से सम्बन्धित विषयों के सम्बन्ध में प्रयोग करता हो या पालन करता हो.

सम्भागीय सभापति तथा सचिव की पदावधि एवं सेवा-शर्तें.

२१. सम्भागीय सभापति या सचिव की पदावधि एवं सेवा-शर्तें ऐसी होंगी जो कि नियमों द्वारा विहित की जायं.

संभागीय मंडल की शक्तियां तथा कृत्य

२२. इस अधिनियम के उपबन्धों तथा, मण्डल के नियन्त्रण, पर्यवेक्षण एवं निदेश के अधीन रहते हुए, सम्भागीय मण्डल की शक्तियां तथा कर्तव्य निम्नलिखित होंगे :—

(क) माध्यमिक शालाओं के स्तर तथा अपेक्षाओं के बारे में सम्भाग से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर, उन विषयों के या तो उसे निर्देशित किये जाने पर या स्वप्रेरणा से, मण्डल को सलाह देना;

(ख) उसके अधिकार-क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र में मण्डल की ओर से परीक्षाओं का संचालन करना;

(ग) मण्डल की परीक्षाओं के संचालन के लिये अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर केन्द्र खोलने की सिफारिश करना;

(घ) मण्डल द्वारा विहित किये गये विनियमों के

अनुसार माध्यमिक शालाओं का निरीक्षण करना और उनकी मान्यता के लिये सिफारिश करना तथा ऐसी मान्यता को वापिस लेने की सिफारिश करना;

(ङ) मण्डल की परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों को इस सम्बन्ध में बनाये गये विनियमों के अनुसार प्रवेश देना;

(च) पर्यवेक्षकों को नियुक्त करना, परीक्षा-फलों के सारिणीकरण की व्यवस्था करना और परीक्षाफल संकलित करना तथा मण्डल को परीक्षा-फल अग्रेषित करना;

(छ) अपने अधिकार-क्षेत्र के भीतर छात्रवृत्ति आदि प्रदान करने के प्रयोजन के लिए गुणागुण के अनुसार अभ्यर्थियों की सूची अग्रेषित करना;

(ज) परीक्षाओं के दौरान अनुचित साधन उपयोग में लाने विषयक मामलों के सम्बन्ध में कार्यवाही करना;

(झ) ऐसी अन्य शक्तियां प्रयोग में लाना तथा ऐसे अन्य कृत्यों का पालन करना, जो कि मंडल द्वारा उसे प्रत्यायोजित की जायं या सौंपे जांय.

मण्डल का सम्भागीय मण्डल पर नियन्त्रण होगा तथा वह निधि एवं कर्मचारी वृन्द की व्यवस्था करेगा.

२३. (१) मण्डल को सम्भागीय मण्डल से सम्बन्धित समस्त विषयों पर सामान्य अधीक्षण तथा नियन्त्रण की शक्ति होगी और सम्भागीय मण्डल इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों के निर्वहन में ऐसे निदेशों द्वारा बाध्य होगा जो कि मण्डल द्वारा उसे दिए जांय.

(२) मण्डल का यह कर्त्तव्य होगा कि वह सम्भागीय मंडल के अधिकार में ऐसी निधि तथा इतने पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी वृन्द **रखे** जो कि सम्भागीय मंडल को इस अधिनियम द्वारा या उसके

अधीन सौंपे गये कृत्यों के दक्षतापूर्ण पालन के लिए आवश्यक हों.

*२३ क. (१) यदि किसी भी समय मंडल को यह प्रतीत हो कि मंडल के किसी पारिश्रमिक वाले कार्य के लिये नियुक्त किया गया व्यक्ति किसी ऐसे अवचार या किसी ऐसी उपेक्षा का दोषी रहा है कि जिससे किसी विशिष्ट कार्य के लिये वह नियुक्ति असमीचीन हो जाती है, तो मंडल, उसकी नियुक्ति को समाप्त करते हुये तथा यह निर्दिष्ट करते हुए कि ऐसा व्यक्ति किसी समय उस विशिष्ट कार्य के लिये या किसी उल्लिखित कालावधि तक के लिये नियुक्त किये जाने हेतु पात्र नहीं होगा, एक आदेश कर सकेगा. ऐसा आदेश करने के पूर्व, मंडल, ऐसी प्रक्रिया के अनुपालन करेगा जैसी कि विहित की जाय.

परीक्षकों आदि की मंडल के किसी पारिश्रमिक वाले कार्य के लिये की गई नियुक्ति की समाप्ति.

(२) उस व्यक्ति का, जिसके कि विरुद्ध उपधारा (१) के अधीन आदेश किया गया हो, नाम, नामों के पैनल में ऐसी कालावधि तक के लिये सम्मिलित नहीं किया जायगा जो कि ऐसे आदेश में उल्लिखित हो.

## चौथा अध्याय–प्रकीर्ण

२४. (१) मण्डल निम्नलिखित समितियां गठित करेगा, अर्थात् :—

समितियों का गठन आदि

(क) पाठ्यक्रम समितियां;

(ख) परीक्षा समिति;

(ग) मान्यता समिति;

(घ) वित्त समिति;

(ङ) पाठचर्या समिति;

---

*मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन् १९७९) द्वारा स्थापित किया गया.

(च) ऐसी अन्य समितियां, यदि कोई हों, जो कि विनियमों द्वारा विहित की जांय.

(२) प्रत्येक ऐसी समिति में मंडल के ऐसे सदस्य होंगे तथा ऐसे अन्य व्यक्ति, यदि कोई हों, होंगे जिन्हें मंडल उचित समझे.

*(३) विलोपित

*(४) ऐसी समितियों के सदस्य, ऐसे समय के लिए पद धारण करेंगे, जिसे कि मंडल, जिसने उन्हें नियुक्त किया है, समय-समय पर उल्लिखित करें;

परन्तु यदि ऐसी समितियों को नियुक्त करने वाले मंडल की अवधि इस प्रकार उल्लिखित की गई अवधि के पूर्व ही समाप्त हो जाय तो समितियां, उत्तराधिकारी मंडल द्वारा नई समितियों की नियुक्ति की जाने तक पद धारण किये रहेंगी.

*(५) विलोपित

मंडल द्वारा समितियों को प्रत्यायोजितकी. गई शक्तियों का प्रयोग, आदि

२५. मण्डल द्वारा ऐसी शक्तियों के, जो इस अधिनियम द्वारा उसको प्रदान की गई हों, प्रयोग से सम्बन्धित समस्त मामले, जो कि मंडल ने विनियमों द्वारा कार्यपालिका समिति को या धारा २४ के अधीन गठित की गई किसी अन्य समिति को प्रत्यायोजित कर दिये हों, उस समिति को निर्दिष्ट किये गये समझे जायेंगे, और मंडल किन्हीं भी ऐसी शक्तियों का प्रयोग करने के पूर्व प्रश्नास्पद विषय के सम्बन्ध में समिति की रिपोर्ट प्राप्त करेगा और उस पर विचार करेगा:

परन्तु जहां मंडल की राय में किसी भी ऐसे मामले के सम्बन्ध में तत्काल कार्यवाही आवश्यक हो, वहां वह उसके सम्बन्ध में समिति की रिपोर्ट के बिना ही उस पर कार्यवाही करने के लिए अग्रसर हो सकेगा और उस पर ऐसे आदेश दे सकेगा जैसे कि वह आवश्यक समझे.

---

*मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा संशोधित एवं विलोपित किया गया ।

२६. इस अधिनियम के उपबन्धों या उसके अधीन बनाए गए किन्हीं नियमों, विनियमों या उप विधियों के अधीन रहते हुए, मण्डल, सम्भागीय मण्डल कार्यपालिका समिति का या धारा २४ के अधीन गठित की गई किसी समिति का कोई भी कार्य या कार्यवाही केवल इस कारण अविधिवत् नहीं होगी कि मण्डल, सम्भागीय मण्डल या ऐसी समिति के सदस्यों में कोई रिक्ति विद्यमान थी.

रिक्तियों के कारण कार्यवाहियां अविधिवत नहीं होंगी

२७. (१) राज्य शासन, पूर्व प्रकाशन के पश्चात, इस अधिनियम के समस्त या किन्हीं भी प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगा.

नियम बनाने की शक्ति

(२) उपधारा (१) के अधीन बनाए गए समस्त नियम विधान सभा के पटल पर रखे जायेंगे.

*२८. (१) मंडल इस अधिनियम के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के प्रयोजन के लिए ऐसे विनियम बना सकेगा जो इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों से असंगत न हो.

विनियम बनाने की मंडल की शक्तियां

(२) विशेषत: और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मंडल निम्नलिखित समस्त या किन्हीं विषयों के लिए उपबन्ध करते हुए विनियम बना सकेगा, अर्थात्:—

(क) धारा १६ के अधीन गठित कार्यपालिका समिति की शक्तियां तथा कर्त्तव्य;

(ख) धारा २४ के अधीन गठित समितियों का गठन, शक्तियां तथा कर्त्तव्य;

*(खख) मंडल द्वारा संचालित की गई परीक्षा में अनुचित साधन उपयोग में लाने वाले या परीक्षा में हस्तक्षेप करने वाले अभ्यार्थियों

---

* मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन् १९७९) द्वारा स्थापित किया गया।

पर शास्ति का अधिरोपित किया जाना;

(ग) उपाधि-पत्रों या प्रमाण-पत्रों का प्रदान किया जाना;

*(घ) "मंडल के विशेषाधिकार देने के प्रयोजनों के लिए संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने की शर्तें अध्यापकों की अर्हता सम्बन्धी शर्तें और उनकी सेवा-शर्तें तथा ऐसी संस्थाओं के दक्षतापूर्ण एवं एक से प्रबन्ध का न्यूनतम स्तर सुनिश्चित करने के हेतु शाला-संहिता (स्कूल कोड) का बनाया जाना;"

(ङ.) समस्त उपाधि-पत्रों या प्रमाण-पत्रों के लिए निर्धारित किया जाने वाला पाठ्य-क्रम;

(च) ऐसी शर्तें, जिनके अधीन अभ्यर्थियों को मंडल की परीक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा और वे उपाधि-पत्रों या प्रमाण-पत्रों के लिए पात्र होंगे;

(छ) मंडल की परीक्षा में प्रवेश के लिए फीस,

(ज) परीक्षाओं का संचालन;

(झ) परीक्षकों की नियुक्ति और मंडल की परीक्षाओं के सम्बन्ध में उनके कर्त्तव्य तथा शक्तियां;

(ञ) संस्थाओं को मान्यता के विशेषाधिकारों का दिया जाना और मान्यता का वापिस

* मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम १९७९ (क्रमांक ११ सन १९७९) द्वारा स्थापित किया गया।

लिया जाना;

(ट) मंडल के पदाधिकारियों, लिपिकों तथा अन्य सेवकों की नियुक्ति और उनकी सेवा-शर्तें;

(ठ) मंडल द्वारा नियोजित पदाधिकारियों, लिपिकों तथा अन्य सेवकों के फायदे के लिए भविष्य-निधि का गठन;

(ड) मंडल के वित्तों का समस्त रूपेण नियंत्रण, प्रशासन, सुरक्षित-अभिरक्षा तथा प्रबन्ध, और

(ढ) ऐसे समस्त विषय जो इस अधिनियम द्वारा, विनिमयों द्वारा उपबंधित किए जाने हों या किए जा सकें.

(३) इस धारा के अधीन बनाए गए विनियम मध्यप्रदेश जनरल क्लाजेज एक्ट १९५७ (क्रमांक ३, सन् १९५८) की धारा २४ में उपवर्णित की गई रीति में पूर्व प्रकाशन की शर्त के अध्यधीन होंगे और तब तक प्रभावी नहीं होंगे जब तक कि वे राज्य शासन द्वारा मंजूर न कर लिए जायं और राजपत्र में प्रकाशित न कर दिए जांय.

(४) जब विनियमों का अन्तिम प्रारूप, मण्डल द्वारा राज्य शासन को उपधारा (३) के अधीन मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाय, तो राज्य शासन ऐसे प्रारूप के प्रस्तुत किए जाने के दिनांक से तीन मास की कालावधि के भीतर मण्डल को या तो प्रारूप के मंजूर कर लिए जाने या अस्वीकार कर दिए जाने के सम्बन्ध में संसूचित करेगा या उसमें ऐसे रूपभेदनों का सुझाव देगा जो कि प्रारूप में आवश्यक समझे जायं. यदि राज्य शासन कोई कार्यवाही न करे, तो मंडल द्वारा

प्रस्तुत किया गया अन्तिम प्रारूप राज्य शासन द्वारा मंजूर किया हुआ समझा जायगा और तदनुसार राज-पत्र में प्रकाशित किया जायगा.

उपविधियां बनाने की शक्तियां

२६. (१) मंडल, सम्भागीय मंडल, कार्यपालिका समिति तथा धारा २४ के अधीन गठित की गई समितियां इस अधिनियम तथा विनियमों से संगत उपविधियां बना सकेंगी, जिनमें :—

(क) सम्मिलन में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और गणपूर्ति के लिए आवश्यक सदस्य संख्या निर्धारित की जाएगी,

(ख) ऐसे समस्त विषयों के लिए उपबन्ध किया जायगा जो किन्हीं उप-विधियों के द्वारा इस अधिनियम तथा विनियमों से संगति रखते हुए, उपबंधित किए जाने हों, और

(ग) ऐसे समस्त अन्य विषयों के लिए उपबंध किया जायगा, जो केवल मंडल, सम्भागीय मंडल, कार्यपालिका समिति तथा धारा २४ के अधीन गठित समितियों से सम्बन्धित हों और जिनके लिए इस अधिनियम या नियमों या विनियमों द्वारा उपबन्ध न किया गया हो.

(२) मंडल, सम्भागीय मंडल, कार्यपालिका समिति तथा धारा २४ के अधीन गठित समितियां ऐसी उपविधियां बनायेंगी जिनमें उनके सदस्यों को सम्मिलनों के दिनांकों और सम्मिलनों में विचार किए जाने वाले कामकाज की सूचना देने के लिए और सम्मिलनों की कार्यवाहियों का अभिलेख रखने के लिए उपबन्ध किया गया हो.

(३) मंडल, किसी सम्भागीय मंडल, कार्यपालिका समिति या धारा २४ के अधीन गठित किसी समिति द्वारा इस धारा के अधीन बनायी गई किसी

उपविधि के संशोधन या विखण्डन का निदेश दे सकेगा और ऐसा मंडल या समिति निदेश को प्रभावी बनावेगी.

## पाँचवा अध्याय—निरसन आदि

**निरसन तथा व्यावृत्ति**

३०. (१) धारा ३ की उपधारा (१) के अधीन मण्डल की स्थापना के लिए उल्लिखित किए गए दिनांक से निम्नलिखित परिणाम होंगे :—

(क) मध्यप्रदेश सेकण्डरी एज्यूकेशन एक्ट, १९५९ (क्रमांक १०, सन् १९५९) निरस्त हो जायगा;

(ख) पूर्वोक्त दिनांक से ठीक पूर्व विद्यमान माध्यमिक शिक्षा मण्डल अस्तित्व में नहीं रहेगा;

(ग) खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किए गए मण्डल की समस्त आस्तियां तथा दायित्व धारा ३ के अधीन स्थापित किए गए मण्डल में निहित हो जायेंगी;

(घ) पूर्वोक्त दिनांक के ठीक पूर्व खण्ड (ख) मे निर्दिष्ट किए गए मण्डल के या उसके नियन्त्रणाधीन समस्त कर्मचारी धारा ३ के अधीन स्थापित किए गए मंडल के कर्मचारी समझे जायेंगे;

परन्तु ऐसे कर्मचारियों की सेवा के निबन्धन तथा शर्तें, जब तक कि वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा परिवर्तित न की जायें, उन निबन्धनों तथा शर्तों से कम अनुकूल नहीं होंगी जो खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किए गए मंडल की सेवा में रखते हुए उनके लिए स्वीकार्य थीं;

(ङ.) खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किए गए मंडल के समस्त अभिलेख तथा कागज, धारा ३ के अधीन स्थापित किए गए मंडल में निहित हो जायेंगे तथा उसको अन्तरित हो जायेंगे.

(२) मध्यप्रदेश सेकन्डरी एज्यूकेशन एक्ट, १९५९ (क्रमांक १०, सन् १९५९) के निरसन के होते हुए भी, उक्त अधिनियम के उपबन्ध द्वारा या उसके अधीन किसी भी प्राधिकारी द्वारा की गई या करने से छोड़ दी गई बातें तथा की गई कार्यवाही, जहां तक कि वे इस अधिनियम के उपबन्धों से असंगत न हों, इस अधिनियम के अधीन की गई समझी जाएगी.

**अन्तर्वर्ती उपबन्ध**

३१. इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, धारा ३० के अधीन निरसित अधिनियम के अधीन गठित कार्यपालिका समिति ऐसे समय तक कार्य करती रहेगी जब तक कि धारा १९ के उपबन्धों के अनुसार कार्यपालिका समिति गठित न हो जाए.

**कठिनाई दूर करने की शक्ति**

३२. यदि इस अधिनियम के उपबन्धों को प्रभावी बनाने में कोई शंका या कठिनाई उत्पन्न हो; तो राज्य शासन आदेश द्वारा, इस अधिनियम के प्रयोजनों से असंगत न होने वाले ऐसे उपबन्ध कर सकेगा जो कि उसे शंका या कठिनाई दूर करने के लिए आवश्यक या उपयुक्त प्रतीत हो.

# The Madhya Pradesh Madhyamik Shiksha Adhiniyam, 1965

(No. 23 of 1965)

*

Corrected up to 31st July 1979

The Ordinances and Amendments Acts by which the original Act has been Amended:—

## ORDINANCES

(1) First Amendment Ordinance (No. 9 of 1965) dated 13th October 1965.

(2) Second Amendment Ordinance (No. 10 of 1965) dated 24th October 1965.

## AMENDMENT ACTS

(1) Madhya Pradesh Madhyamik Shiksha (Sanshodhan) Adhiniyam, 1966 (No. 3 of 1966)

(2) Madhya Pradesh Madhyamik Shiksha (Sanshodhan) Adhiniyam, 1967 (No. 7 of 1967)

(3) Madhya Pradesh Madhyamik Shiksha (Sanshodhan) Adhiniyam, 1968 (No. 18 of 1968)

(4) Madhya Pradesh Madhyamik Shiksha (Shanshodhan) Adhiniyam, 1979 (No. 11 of 1979).

# MADHYA PRADESH ADHINIYAM

No. 23 of 1965

## THE MADHYA PRADESH MADHYAMIK SHIKSHA ADHINIYAM, 1965 *

Table of Contents


Sections | Page No.

### CHAPTER I—Preliminary

1. Short title, extent and commencement. 37
2. Definitions. 37

### CHAPTER II—Establishment of the Board of Secondary Education, its constitution, functions, etc.

3. Incorporation of the Board. 40
4. Constitution of the Board. 41
5. Appointment of the Chairman and term of office and conditions of his service. 43
6. Term of office and filling of casual vacancy etc. 43
7. Quorum. 45
8. Powers of the Board. 45
8 A. Disqualification for being member of the Board 48
9. Powers of the State Government. 49
10. Constitution of the Board's Fund. 51
11. Custody and investment of the Board's Fund. 51
12. Application of the Board's Fund. 51
13. Budget. 52
14. Audit and accounts of the Board. 53
15. Powers and duties of the Chairman. 53
16. Appointment, powers and duties of the Vice-Chairman. 54
17. Officers and servants of the Board. 54
18. Powers and duties of the Secretary. 55
19. Executive Committee. 56

### CHAPTER III—Divisional Board

20. Divisional Board. 57


---

*As amended upto 31st July 1979.


Acc. No. D-7383
Date 24-2-93

Sections Page No

21. Term of office and conditions of service of the Divisional Chairman and Secretary. 58
22. Powers and functions of the Divisional Board. 59
23. Board to have control over Divisional Board and to provide for fund and staff. 60
24. A--Termination of appointment of examiners etc. for any remunerative work of the Board 60

## CHAPTER IV—Miscellaneous

25. Constitution of Committees etc. 61
26. Exercise of powers delegated by the Board to the Committee etc. 62
27. Proceedings not invalidated by reason of vacancies etc. 62
28. Power to make rules. 62
29. Powers of the Board to make Regulations. 63
30. Powers to make byelaws. 65

## CHAPTER V—Repeal, etc.

31. Repeal and Saving. 66
32. Transitory Provision. 67
33. Power to remove difficulty. 68

# MADHYA PRADESH ADHINIYAM

## NO. 23 OF 1965

